राष्ट्रीय सहारा

कानपुर • बुधवार • 11 जनवरी • 2023

## ीएसए का 24वां दीक्षांत समारोह आज

# 0 मेधावियों को मेडल समेत 577 को मिलेंगी उपाधियां

ुर (एसएनबी)। सीएसए कृषि एवं ोकी विवि में बुधवार को आयोजित 24 ांत समारोह में मेधावियों को विभिन्न ्कों सहित कुल 577 उपाधियां वितरित ायेंगी। पदक विजेताओं में 33.33 ा छात्र व 66.67 ा छात्राएं हैं, जो ृषि शिक्षा के प्रति ढ़ी नारी शक्ति का प्रदर्शित करता

**कुलाधिपति आनंदी बेन पटेल करेंगी अध्यक्षता कृषि मंत्री भी आयेंगे**

ुलाधिपति व राज्यपाल आनंदीबेन की अध्यक्षता में आयोजित दीक्षांत ह के मुख्य अतिथि सदस्य नीति । प्रोफेसर रमेश चन्द्र तथा विशिष्ट । प्रदेश के कृषि व कृषि शिक्षा मंत्री सूर्य शाही व कृषि राज्य मंत्री बलदेव सिंह ख होंगे।

वेवि कुलपति डॉ.डीआर सिंह ने बताया स बार दीक्षांत समारोह की थीम ' मिलेट्स ईयर' पर आधारित है। उन्होंने बताया कि समारोह में 577 विद्यार्थियों को डिग्री प्रदान की जायेगी। इसके अलावा विभिन्न पाठ्यक्रमों के 14-14 विद्यार्थियों क्रमशः कुलाधिपति स्वर्ण पदक, विवि रजत पदक व विवि कांस्य पदक के साथ ही 18 प्रायोजित स्वर्ण पदक प्रदान किये जायेंगे।

विवि प्रवक्ता डॉ.खलील खान के अनुसार मंगलवार को भी दीक्षांत समारोह का पूर्वाभ्यास किया गया। उन्होंने कहा कि कुलाधिपति व राज्यपाल के निर्देश पर दीक्षांत समारोह में जल संरक्षण को प्रोत्साहित करने को विशेष संदेश देने के लिए घड़ा भरो कार्यक्रम किया जायेगा। पूर्वाभ्यास में कुलपति डॉ.डीआर सिंह के साथ ही डॉ.महक सिंह, डॉ.नलिनी तिवारी, डॉ.एएल जाटव, डॉ.नौशाद खान, डॉ.श्वेता यादव, डॉ.मुनीष कुमार मौजूद रहे।

आज 11/01/2023 महानगर

# सीएसए का 24 वां दीक्षान्त आज, राज्यपाल बांटेंगी मेडल

## वितरित होंगी 577 उपाधियां, कृषि मंत्री आएंगे, सुबह 10.15 से इन्ट्री शुरू, डेढ घंटे का होगा कार्यक्रम



कानपुर, 10 जनवरी। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के 24वें दीक्षान्त समारोह में बुधवार को कैलाशभवन के सभागार में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल अपने हाथों से मेधावियों को मेडल और उपाधियां वितरित करेंगी। दीक्षान्त समारोह में मुख्य अतिथि नीति आयोग के सदस्य रमेश चंद्र, कृषि, एवं कृषि शिक्षा अनुसंधान मंत्री सूर्य प्रताप शाही, कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह, कुलपति डा. डी. आर. सिंह व अन्य गणमान्य अतिथि भी शामिल होंगे। समारोह में मेधावियों को 14 कुलाधिपति स्वर्ण पदक, 14 विश्वविद्यालय रजत पदक व 14 विश्वविद्यालय कांस्य पदक तथा 18 प्रायोजित स्वर्ण पदक प्रदान किए जाएंगे। राज्यपाल से पदक प्राप्त करने वालों में 33 फीसदी छात्र हैं तो 66 फीसदी से अधिक छात्राएं हैं। समारोह में यूजी और पीजी कृषि, पीएचडी, कृषि मैनेजमेंट सहित विभिन्न पाठ्यक्रमों में उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को 577 उपाधियां बांटी जाएगी। सीएसए के 24वे दीक्षांत समारोह का आज भी रिहर्सल किया गया। दीक्षान्त समारोह के पूर्व कार्यान्वयन के रिहर्सल में कुलाधिपति के रूप में अलसी अभिजनक डॉ नलिनी तिवारी रही। सभागार में तैयार मंच पर रिहर्सल के दौरान राज्यपाल, मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि व अन्य अतिथि भी मौजूद रहे। इसके साथ ही राज्यपाल के आगमन के साथ ही मेधावियों को मेडल व उपाधियां देने के साथ ही दिशा-निर्देश भी जारी किये। समारोह के कार्यक्रम को लेकर विद्या परिषद के सदस्यों के साथ पूर्वाभ्यास को कई चरणों में दोहराया गया। समारोह में 577 छात्र छात्राओं को डिग्री प्रदान की जाएगी। इसके अलावा मेधावियों को 14 कुलाधिपति स्वर्ण पदक, 14 विश्वविद्यालय रजत पदक व 14 विश्वविद्यालय कांस्य पदक तथा 18 प्रायोजित स्वर्ण पदक प्रदान किए जाएंगे। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉक्टर डीआर सिंह ने बताया कि इस बार दीक्षांत समारोह की थीम मिलेट्स ईयर पर आधारित है।उन्होंने कहा कि पदक विजेताओं में 33.33 प्रतिशत छात्र तथा 66.67 प्रतिशत छात्राएं हैं। उच्च कृषि शिक्षा के प्रति नारी शक्ति का रुझान तेजी से बढ़ रहा है, जो उनके सशक्तिकरण के लिए आवश्यक है। रिहर्सल के दौरान सीएसए के कुलपति डा. डी.आर. सिंह स्वयं मौजूद रहे। विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ खलील खान ने बताया कि रिहर्सल में जल संरक्षण के महत्व पर विशेष बल दिया गया। रिहर्सल के दौरान डॉ. धर्मराज सिंह, डॉ मुनीष कुमार , डॉ एस. के. विश्वास, डॉ. आर के यादव, डा. ए.एल. जाटव, एवं डॉ जफर सिद्दीकी सहित सभी संकाय सदस्य उपस्थित रहे। संचालन डा. नौशाद खान और डा. स्वेता यादव ने किया।




रिहर्सल के दौरान कुलपति व अन्य।

देश-विदेश | लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक | उत्तर प्रदेश

राहुल गांधी ने गोल्डन टेंपल में माथा टेका 12

तंबुओं की नगरी में आस्था का जयकारा 10



जन एक्सप्रेस

लखनऊ
वर्ष: 14 | अंक: 91
मूल्य: ₹ 3.00/-
पेज : 12

@janexpressnews  janexpresslive  janexpresslive  www.janexpresslive.com/epaper

बुधवार | 11 जनवरी, 2023

# सीएसए में किया गया 24 वें दीक्षांत समारोह का पूर्वाभ्यास

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**



चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में बुधवार को होने वाले 24वें दीक्षांत समारोह का पूर्वाभ्यास बीते दिन मंगलवार को किया गया। इस दौरान अलसी अभिजनक डॉ. नलिनी तिवारी कुलाधिपति के रूप में शामिल हुईं। इसके अलावा निदेशक बीज एवं प्रक्षेत्र डॉ. महक सिंह प्रमुख अतिथि व डॉ. ए.एल. जाटव एवं डॉ.मनीष कुमार विशिष्ट अतिथि के रुप में उपस्थित रहे। कुलपति की भूमिका स्वयं कुलपति डॉ. डी.आर. सिंह ने निभाई। कुलपति ने बताया कि इस बार दीक्षांत समारोह की थीम मिलेट्स ईयर पर आधारित है। उन्होंने कहा कि पदक विजेताओं में 33.33 फीसदी छात्र तथा 66.67 फीसदी छात्राएं हैं। इससे प्रतीत होता है कि उच्च कृषि शिक्षा के प्रति नारी शक्ति का रुझान तेजी से बढ़ रहा है। समारोह में 577 छात्र छात्राओं को डिग्री प्रदान की जाएगी। मेधावियों को कुलाधिपति स्वर्ण पदक प्रदान करेंगी।

उत्तराखंड/उत्तर प्रदेश का प्रथम द्विभाषीय (हिन्दी-अंग्रेजी) सांध्य दैनिक समाचार पत्र

# जनमत टुडे

वर्ष:13 | अंक:317 | देहरादून, मंगलवार, 10 जनवरी, 2023 | पृष्ठ:08

# सीएसए में 24वें दीक्षांत समारोह का हुआ रिहर्सल

**अनिल मिश्रा** (जनमत टुडे)



**कानपुरः** सीएसए में 11 जनवरी बुधवार को होने वाले 24वे दीक्षांत समारोह के क्रम में सोमवार को दीक्षांत समारोह का पूर्वाभ्यास किया गया बाकायदा दीक्षांत समारोह की तरह शोभायात्रा निकाली गई व दीक्षांत मंच से उपाधियां वितरित करने का पूर्वाभ्यास भी किया गया विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ खलील खान ने बताया कि पूर्वाभ्यास में कुलाधिपति व राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की भूमिका को निभाते हुए विवि की अधिष्ठाता गृह विज्ञान डॉक्टर मुक्ता गर्ग ने मेधावीयों को मेडल व उपाधियां दी अधिष्ठाता मत्स्य एवं डेयरी विज्ञान डॉक्टर जेपी यादव ने मुख्य अतिथि प्रोफेसर रमेश चंद्र मा. सदस्य नीति आयोग की भूमिका निभाई जबकि विशिष्ट अतिथि सूर्य प्रताप शाही यंत्री कृषि, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान उत्तर प्रदेश डॉक्टर एनपी शर्मा ने निभाई तथा विशिष्ट अतिथि कृषि राज्य मंत्री बलदेव सिंह ओलख की भूमिका में डॉक्टर लोकेंद्र सिंह रहे विवि के कुलपति की भूमिका में कुलपति डॉक्टर डीआर सिंह स्वयं उपस्थित रहे इस अवसर पर दीक्षांत समारोह से संबंधित समितियों के सभी लोग उपस्थित रहे दीक्षांत समारोह के आयोजन के समय कोई कमी न रह जाए इसलिए पूर्वाभ्यास को कई चरणों में दोहराया गया पूर्वाभ्यास में दीक्षांत समारोह कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर श्वेता यादव एवं डॉक्टर नौशाद खान ने संयुक्त रूप से किया दीक्षांत समारोह पूर्वाभ्यास में अधिष्ठाता कृषि संकाय डॉक्टर धर्मराज सिंह,ऊ अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ मुनीष कुमार, अधिष्ठाता गृह विज्ञान डॉक्टर डॉ मुक्ता गर्ग, डॉक्टर आरके यादव, डॉक्टर अरविंद कुमार सिंह,सहित सभी प्रोफेसरों ने भागीदारी की।

# सीएसए का दीक्षांत समारोह आज 48 मेधावियों को मिलेंगे पदक

## राज्यपाल करेंगी कार्यक्रम की अध्यक्षता

## नीति आयोग के सदस्य प्रो. रमेश चंद्रा होंगे मुख्य अतिथि

### सफेद शर्ट और काली पैंट पहनकर आएंगे मेडल विजेता

- मेडल पाने वाले छात्रों को सफेद शर्ट, काली पैंट, लाल टाई, काले जूते-मोजे और नीला स्वेटर या ब्लेजर पहनकर आना होगा। छात्राओं के लिए सफेद सलवार सूट, लाल चुन्नी और नीले स्वेटर की वेशभूषा निर्धारित की गई है।

संवाद न्यूज एजेंसी

कानपुर। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (सीएसए) में 11 जनवारी को 24वां दीक्षांत समारोह आयोजित होगा। समारोह में 48 मेधावियों को 60 कुलाधिपति स्वर्ण, विवि रजत, विवि कांस्य और प्रायोजित पदक बांटे जाएंगे। कुलाधिपति स्वर्ण और तीन प्रायोजित स्वर्ण पदकों समेत सबसे ज्यादा चार पदक बीएससी (ऑनर्स) कृषि की सुमेधा सिंह को मिलेंगे। कई छात्रों को पुस्तक पुरस्कार समेत कई पुरस्कार दिए जाएंगे।

कुलपति डॉ. डीआर सिंह ने बताया कि समारोह की अध्यक्षता राज्यपाल आनंदीबेन पटेल करेंगी और मुख्य अतिथि नीति आयोग के सदस्य प्रो. रमेश चंद्रा होंगे। उप्र के कृषि, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान मंत्री सूर्य प्रताप शाही और राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख विशिष्ट अतिथि होंगे।

राज्यपाल उच्च प्राथमिक स्कूल के छात्रों और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को उपहार देंगी। समारोह में 577 विद्यार्थियों को उपाधियां मिलेंगी।

11/01/2023



# दीक्षा समारोह : 577 छात्रों को उपाधियां, 60 को मिलेंगे पदक

जासं, कानपुर : चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (सीएसए) का 24वां दीक्षा समारोह बुधवार को कैलाश भवन प्रेक्षागृह में होगा। कुल 577 छात्र-छात्राओं को उपाधियां और 60 विद्यार्थियों को पदक प्रदान किए जाएंगे। कुलाधिपति व राज्यपाल आनंदीबेन पटेल समारोह की अध्यक्षता करेंगी और उद्घाटन अवसर पर मटके में नदियों का पानी डालकर जल संरक्षण का संदेश देंगी।

मंगलवार को पूर्वाभ्यास में कुलाधिपति की भूमिका अलसी अभिजनक डा. नलिनी तिवारी ने निभाई। निदेशक बीज व प्रक्षेत्र डा. महक सिंह ने मुख्य अतिथि की और डा. एएल जाटव व डा. मनीष कुमार ने विशिष्ट अतिथियों की भूमिका निभाई। कुलपति डा. डीआर सिंह खुद मौजूद रहे। संचालन डा. नौशाद खान व डा. श्वेता यादव ने किया। मीडिया प्रभारी डा. खलील खान ने बताया कि 14 मेधावियों को कुलाधिपति स्वर्ण, 14 को विश्वविद्यालय रजत व 14 को विश्वविद्यालय कांस्य पदक मिलेंगे।

18 विद्यार्थियों को प्रायोजित स्वर्ण पदक मिलेंगे। कुलपति ने बताया कि पदक विजेताओं में 33.33 प्रतिशत छात्र और 66.67 प्रतिशत छात्राएं हैं। जाहिर है कि कृषि शिक्षा में नारी शक्ति का रुझान बढ़ा है। समारोह की थीम मोटे अनाजों के वर्ष पर आधारित है।



## यूं रहेगा राज्यपाल का कार्यक्रम

**9.15** बजे सुबह कार से लखनऊ स्थित राजभवन से प्रस्थान

**11** बजे सुबह सीएसए में आगमन

**11.05** बजे से 1.10 बजे : दीक्षा समारोह में शामिल होंगी

**1.15** बजे से कुलपति कार्यालय में सीएसए व जागरण इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट एंड मास कम्युनिकेशन के बीच होगा एमओयू

**1.25** दोपहर से 2 बजे : भोजन

**2.05** बजे : लखनऊ के लिए रवाना

# देश में पहली बार शुरू होगा कृषि पत्रकारिता पर स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम

- जागरण इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट एंड मास कम्युनिकेशन और सीएसए विश्वविद्यालय मिलकर शुरू कर रहे कोर्स
- आज राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के सामने होगा दोनों संस्थानों में करार, खेतीबाड़ी-ग्रामीण विकास को मिलेगा बल

जासं, कानपुर : जागरण इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट एंड मास कम्युनिकेशन और चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (सीएसए) देश में पहली बार कृषि पत्रकारिता एवं विज्ञान संचार विषय पर दो वर्षीय स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम की शुरुआत कर रहे हैं। बुधवार को सीएसए में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के सामने दोनों संस्थानों के बीच इस बाबत करार पर हस्ताक्षर किए जाएंगे।

सीएसए की ओर से कुलपति डा. डीआर सिंह और पूर्णचंद्र गुप्ता स्मारक ट्रस्ट एवं जागरण एजुकेशन फाउंडेशन द्वारा संचालित जागरण इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट एंड मास कम्युनिकेशन के चेयरमैन डा. महेन्द्र मोहन गुप्त करार पर हस्ताक्षर करेंगे। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, कृषि एवं अनुसंधान राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख और नीति आयोग के सदस्य डा. रमेश चन्द्र भी मौजूद रहेंगे। कुलपति ने बताया कि कृषि पत्रकारिता में ग्रामीण क्षेत्र की जनता की सामान्य आवश्यकताओं, अभिव्यक्तियों, जीविकोपार्जन के लिए राज्य, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय नीतियों को व्यक्त करने को जनमानस के विभिन्न पहलुओं पर समाचार व विचारों का संकलन एवं प्रकाशन होगा। खेती बाड़ी और ग्रामीण क्षेत्र के विकास के लिए कृषि पत्रकारिता की अहम भूमिका है। कृषि पत्रकार ग्रामीणों में सामाजिक-आर्थिक परिवर्तन के लिए सेतु का निर्माण करने में सक्षम होंगे। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के निदेशक शोध डा. विजय कुमार यादव, इंस्टीट्यूट के निदेशक डा. उपेन्द्र नाथ पांडेय भी मौजूद होंगे।

ने
से
अ
एअ
की
मा
प्रो.
गर्ग,
की
राहुल
सार्व
बाल
जीरो
ऐसी
उत्स
वस्तु
होता
इंतजा

सीए फा...

11/01/2023



# दीक्षा समारोह : 577 छात्रों को उपाधियां, 60 को मिलेंगे पदक

जासं, कानपुर : चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (सीएसए) का 24वां दीक्षा समारोह बुधवार को कैलाश भवन प्रेक्षागृह में होगा। कुल 577 छात्र-छात्राओं को उपाधियां और 60 विद्यार्थियों को पदक प्रदान किए जाएंगे। कुलाधिपति व राज्यपाल आनंदीबेन पटेल समारोह की अध्यक्षता करेंगी और उद्घाटन अवसर पर मटके में नदियों का पानी डालकर जल संरक्षण का संदेश देंगी।

मंगलवार को पूर्वाभ्यास में कुलाधिपति की भूमिका अलसी अभिजनक डा. नलिनी तिवारी ने निभाई। निदेशक बीज व प्रक्षेत्र डा. महक सिंह ने मुख्य अतिथि की और डा. एएल जाटव व डा. मनीष कुमार ने विशिष्ट अतिथियों की भूमिका निभाई। कुलपति डा. डीआर सिंह खुद मौजूद रहे। संचालन डा. नौशाद खान व डा. श्वेता यादव ने किया। मीडिया प्रभारी डा. खलील खान ने बताया कि 14 मेधावियों को कुलाधिपति स्वर्ण, 14 को विश्वविद्यालय रजत व 14 को विश्वविद्यालय कांस्य पदक मिलेंगे।

18 विद्यार्थियों को प्रायोजित स्वर्ण पदक मिलेंगे। कुलपति ने बताया कि पदक विजेताओं में 33.33 प्रतिशत छात्र और 66.67 प्रतिशत छात्राएं हैं। जाहिर है कि कृषि शिक्षा में नारी शक्ति का रुझान बढ़ा है। समारोह की थीम मोटे अनाजों के वर्ष पर आधारित है।



## यूं रहेगा राज्यपाल का कार्यक्रम

**9.15** बजे सुबह कार से लखनऊ स्थित राजभवन से प्रस्थान

**11** बजे सुबह सीएसए में आगमन

**11.05** बजे से 1.10 बजे: दीक्षा समारोह में शामिल होंगी

**1.15** बजे से कुलपति कार्यालय में सीएसए व जागरण इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट एंड मास कम्युनिकेशन के बीच होगा एमओयू

**1.25** दोपहर से 2 बजे: भोजन

**2.05** बजे: लखनऊ के लिए रवाना

# देश में पहली बार शुरू होगा कृषि पत्रकारिता पर स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम

- जागरण इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट एंड मास कम्युनिकेशन और सीएसए विश्वविद्यालय मिलकर शुरू कर रहे कोर्स
- आज राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के सामने होगा दोनों संस्थानों में करार, खेतीबाड़ी-ग्रामीण विकास को मिलेगा बल

जासं, कानपुर : जागरण इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट एंड मास कम्युनिकेशन और चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (सीएसए) देश में पहली बार कृषि पत्रकारिता एवं विज्ञान संचार विषय पर दो वर्षीय स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम की शुरुआत कर रहे हैं। बुधवार को सीएसए में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के सामने दोनों संस्थानों के बीच इस बाबत करार पर हस्ताक्षर किए जाएंगे।

सीएसए की ओर से कुलपति डा. डीआर सिंह और पूर्णचंद्र गुप्ता स्मारक ट्रस्ट एवं जागरण एजुकेशन फाउंडेशन द्वारा संचालित जागरण इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट एंड मास कम्युनिकेशन के चेयरमैन डा. महेन्द्र मोहन गुप्त करार पर हस्ताक्षर करेंगे। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, कृषि एवं अनुसंधान राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख और नीति आयोग के सदस्य डा. रमेश चन्द्र भी मौजूद रहेंगे। कुलपति ने बताया कि कृषि पत्रकारिता में ग्रामीण क्षेत्र की जनता की सामान्य आवश्यकताओं, अभिव्यक्तियों, जीविकोपार्जन के लिए राज्य, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय नीतियों को व्यक्त करने को जनमानस के विभिन्न पहलुओं पर समाचार व विचारों का संकलन एवं प्रकाशन होगा। खेती बाड़ी और ग्रामीण क्षेत्र के विकास के लिए कृषि पत्रकारिता की अहम भूमिका है। कृषि पत्रकार ग्रामीणों में सामाजिक-आर्थिक परिवर्तन के लिए सेतु का निर्माण करने में सक्षम होंगे। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के निदेशक शोध डा. विजय कुमार यादव, इंस्टीट्यूट के निदेशक डा. उपेन्द्र नाथ पांडेय भी मौजूद होंगे।